Total Pages : 4

K-443

Shastri (Part-II) Examination, 2022

हिन्दी साहित्य

[प्रश्नपत्र : सप्तम (वैकल्पिक 'ख' वर्ग)]

समय : तीन घण्टा

पूर्णांक : 100

न्यूनतम : 33

निर्देशः सभी प्रश्न करना **अनिवार्य** है।

इकाई-I

1. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [2x10=20]

(क) विद्या, कला, कौशल में सबका अटल अनुराग हो,
उद्योग का उन्माद हो, आलस्य-अद्य का त्याग हो।
सुख और दुःख में एक-सा सब भाइयों का त्याग हो,
अन्तःकरण में गूंजता राष्ट्रीयता का राग हो।।

अथवा

जनता पर जादू चला राजे के समाज का लोक नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुई धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर खून की नदी बही।

(ख) तुम्हीं जब याद की टीसें भुलाते हो
भला फिर प्यार का अभिमान क्यों जीवे?
तुम्हीं बलिदान के मंदिर गिराते हो
भला मधुदान का मेहमान क्यों जीवे?

अथवा

पार्श्व गिरि का नम्र-चीड़ों में,
डगर चढ़ती उमंगों-सी।
बिछा पैरों में नदी, ज्यों दर्द की रेखा।
विहग-शिशु मौन नीड़ों में ।
मैंनें आँख भर देखा।
दिया मन को दिलासा-पुनः आऊँआ।
भले ही बरस-दिन अनगिन युगों बाद।

इकाई-II

2. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की सहित्यिक विशेषताएँ बताइए। [10]

अथवा

पंत के काव्य में उदान्त भावनाओं और सुकुमार कल्पनाओं का मणिकंचन योग है।

3. ''माखनलाल चतुर्वेदी का काव्य राष्ट्र प्रेम की भावना से ओत-प्रोत है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए। [10]

अथवा

'ताज' कविता का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

4. सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत है स्पष्ट कीजिए। [10]

अथवा

प्रगतिवाद के जानक के रुप में अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं का अंकन कीजिए।

5. निराला के छायावादी काव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [10]

अथवा

नई कविता की प्रमुख काव्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

6. छायावादोत्तर काव्यगत विशेषताएँ बताइए। [10]

अथवा

भारत माता कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए।

7. प्रगतिवदी कवि के रुप में कवि निराला का मूल्यांकन कीजिए।[10]

अथवा

'सुमित्रानंदन पंत' कोमल कल्पना के कवि हैं। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

8. निम्न में से **किन्हीं चार** पर टिप्पणी कीजिए: [4x5=20]

(क) हरिऔध जी की 'रस योजना' संक्षेप में बताइए।

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं में वात्सल्य मातृत्व।

(ग) श्रीकांत वर्मा काव्य साधना पर प्रकाश।

(घ) ''मेरा नया बचपन'' कविता पर सारांश।

(ड़) 'परिवर्तन' कविता का संक्षेप में सारांश।

(च) ''झाँसी की रानी'' कविता के कथ्य पर प्रकाश।

----x----